# Annual Activities

## National Service Scheme

### Government College Karsog

*Distt. Mandi HP (175011)*

## Session÷ (2024-2025)

*“ Not me .........But You “*




**30 july 2024**



करसोग। सोमवार को राजकीय महाविद्यालय करसोग में राष्ट्रीय सेवा योजना कि सत्र 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डा. कुलभूषण शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. वीरेंद्र ठाकुर ने अपना वक्तव्य स्वयंसेवियों के समक्ष रखा, नवीन कार्यकारिणी के दायित्वों के आवंटन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया का आरंभ किया। जिसमें सभी को सर्वसहमति से चुना गया। कार्यकारिणी में खिताब को अध्यक्ष, राजेंद्र, इशिता को उपाध्यक्ष, पल्लवी व पूजा को परेड कमांडर, उमेश शर्मा, वंशिता और निधि को प्रेस एवं मीडिया प्रमुख, भूमिका और विक्की को टेक्निकल हेड, राजेंद्र, स्नेहा व मिताली को सांस्कृतिक प्रमुख, उत्तम और रितेश प्रबंधन प्रमुख, मोनिका कशिश व आउटडोर हेड, टिंकेश को खेल प्रमुख, राजेंद्र व पल्लवी को रिफ्रेशमेंट प्रमुख तथा स्नेहा, अनुराधा और निशा को क्रिएटिव हेड बनाया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के पश्चात मुख्यातिथि डा. कुलभूषण शर्मा ने सभी स्वयंसेवियों को संबोधित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सोनिया चौधरी ने स्वयंसेवियों को संबोधित किया। प्रेस एवं मीडिया प्रमुख उमेश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएसएस करसोग कालेज द्वारा आयोजित नव कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 112 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

30 july 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिए 2024-2025 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में डॉ कुलभूषण शर्मा जी और डॉ सोनिया चौधरी जी ने शिरकत की। नवीन दायित्व इस प्रकार हैं :-

अध्यक्ष – खिताब
उपाध्यक्ष – इशिता, राजेंद्र
सचिव – ज्योति, पवन, संयुक्त सचिव – शिवानी शर्मा
प्रेस एवं मीडिया प्रमुख – उमेश शर्मा सह प्रमुख – वंशिता ठाकुर, निधि
परेड कमांडर – पल्लवी, पूजा
तकनीकी प्रमुख –भूमिका सह प्रमुख – विक्की, पायल
सांस्कृतिक प्रमुख – हैप्पी, स्नेहा सह प्रमुख – मिताली,
खेल प्रमुख – टीपेनंदर
बाहरी कार्य प्रमुख – मोनिका शर्मा , सह प्रमुख – मोनिका, कशिश
प्रबंधन प्रमुख – उत्तम , सह प्रमुख – रितेश
जलपान प्रमुख – सपना, पल्लवी, राजेंद्र शर्मा
रचनात्मक प्रमुख – स्नेहा, सह प्रमुख – अनुराधा , निशा
खजाना प्रमुख – शीतल वर्मा, सह प्रमुख – नेहा,




**5 अगस्त 2024 से 10 अगस्त 2024**

5 अगस्त 2024 से 10 अगस्त 2024 तक नए स्वयंसेवियों की उपस्थिति पंजी शुरू की गई।










## 6 अगस्त 2024

राजकीय महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई के द्वारा दिनांक 06/08/2024 को महाविद्यालय में प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पश्चात प्रवेश हेतु होने वाली विधि के बारे में वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने नए विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा शारीरिक परीक्षण के बारे में जानकारी दी गई जिसमें की विशेष रूप से विद्यार्थियों की ऊंचाई , वजन , नॉक नी को जांचा गया। तथा वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों को गेम्स भी खिलाई। अभी एनएसएस में चयन की आधी प्रक्रिया हुई है इसके पश्चात इंटरव्यू का आयोजन कुछ दिनों में किया जाएगा। अतः यह विशेष कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी , डॉक्टर कुलभूषण शर्मा व डॉक्टर वीरेंद्र ठाकुर जी के सहयोग व वरिष्ठ स्वयंसेवकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।















**15 अगस्त 2024**







15/अगस्त/2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई करसोग के स्वयंसेवियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करसोग में परेड की गई। जिसमे एन एस एस इकाई के 16 स्वयंसेवियों ने भाग लिया , जिसकी कमांडिंग एन एस एस इकाई के अध्यक्ष खिताव ठाकुर द्वारा की गई। तत्पश्चात एन एस एस इकाई के द्वारा "हर घर तिरंगा" के तहत सुबह 10:00 बजे महाविद्यालय करसोग से एक रैली निकाली गई।अत: आज की विशेष गतिविधि कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी व डॉक्टर कुलभूषण शर्मा के सहयोग से संपन्न हुई ।












17 अगस्त 2024




दिनांक 17 अगस्त 2024 को एनएसएस इकाई राजकीय महाविद्यालय करसोग द्वारा एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया । इस विशेष गतिविधि में राजकीय महाविद्यालय करसोग की त्रिवेणी (एनएसएस एनसीसी आरएनआर) थी तथा त्रिवेणियों के सदस्यों ने आज राजकीय महाविद्यालय करसोग के परिसर में सफाई की । तथा त्रिवेणी के सभी अध्यापक भी वहां उपस्थित थे जिन्होंने महाविद्यालय परिसर को साफ करवाने में अपना पूरा सहयोग दिया । अत: आज की विशेष गतिविधि कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी व डॉ कुलभूषण शर्मा  के सहयोग से संपन्न हुई ।










## 20 अगस्त 2024

20 अगस्त 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग के विद्यार्थियों ने एक रैली निकाली।कोलकाता रेप कांड को लेकर पूरे देश में आक्रोश जारी है। सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हो रहा है, अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं सस्पेंड चल रही हैं और राजनीति भी चरम पर पहुंच चुकी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई शुरू हो गई है, आज ही फैसला हो सकता है कि इस केस में न्यायिक जांच की जरूरत है या नहीं? दूसरी तरफ सीबीआई की जांच भी गति पकड़ चुकी है। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देना अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर राजकीय महाविद्यालय करसोग के सभी विद्यार्थियों व (एनएसएस ,एनसीसी,आर एंड आर )तथा महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों (Teaching Staff) ने सामूहिक रूप से आक्रोश रैली निकाली। यह रैली राजकीय महाविद्यालय करसोग से शुरू होकर एसडीएम कार्यालय करसोग से होते हुए करसोग बस स्टैंड तक चली। आक्रोश रैली के पश्चात महाविद्यालय परिसर में 2 मिनट का मौन किया गया तत्पश्चात पीड़िता को श्रद्धांजलि दी गई। इस आक्रोश रैली में 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।















# 23 अगस्त 2024

23/ अगस्त/2024 को महाविद्यालय करसोग की "त्रिवेणी" (एनसीसी,एनएसएस और आर एंड आर) व "ईको क्लब" तथा "फॉरेस्ट डिपार्टमेंट" के द्वारा "बालना" (करसोग) में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर 650 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस जगह कुछ समय पहले भीषण आगे के चलते पौधे जलकर राख हो गए थे। इस पर्यावरण संरक्षण के कार्य में इको क्लब के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.लोमेश , आर एंड आर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज गुप्ता व प्रो.पुष्पा देवी तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सोनिया चौधरी व डॉ. वीरेंद्र ठाकुर जी तथा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जी एवम फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारी अंकित जी ने भाग लिया। एनएसएस  के 81 स्वयंसेवियों ने नि:स्वार्थ भाव तथा मेहनत व लगन से कार्य किया। इस सराहनीय  कार्य की महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बहुत प्रशंसा की।अतः आज की यह विशेष गतिविधि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सोनिया चौधरी व डॉ.वीरेंद्र ठाकुर जी के सहयोग से संपन्न हुई।















# 27 अगस्त 2024

27 अगस्त 2024 को "महिला प्रकोष्ठ" (women cell) "राजकीय महाविद्यालय करसोग" द्वारा सत्र 2024 , 25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसमें नवीन दायित्व इस प्रकार से हैं**अध्यक्ष ज्योति वर्मा (NSS)**उपाध्यक्ष पल्लवी (NCC)**सचिव पूजा* (NSS)*सह सचिव दिया**अन्य सदस्य रीना, मीनाक्षी, पल्लवी, नेहा, रेणुका, भानूप्रिया।*


















29 अगस्त 2024

29 अगस्त 2024 को महाविद्यालय करसोग में "मेजर ध्यानचंद जी" की जयंती वह "खेल दिवस" के उपलक्ष पर विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें "एनएसएस"के स्वयंसेवियों व महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जी  ने खेल के प्रति प्रोत्साहन किया की खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है हमें स्वास्थ्य के लिए भी खेल में जुड़े रहना चाहिए!







# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान

#day -1 17 September 2024 ko राजकीय महाविद्यालय करसोग में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत एनएसएस इकाई की स्वयंसेवी ज्योति वर्मा द्वारा वीडियो के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया कि हमे स्वच्छता का विषेश ध्यान रखना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। इसके साथ साथ लोगों को जिमेवार बनाना चाहिए कि शुरूआत हमेशा स्वयं से होती है।










# Day 2 18 सितंबर 2024

#day 2 18 सितंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत एनएसएस इकाई की स्वयंसेवी "पूजा" ने वीडियो के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया एवम अन्य सभी स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के परिसर में सफाई की एवं महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी स्वच्छता से अवगत करवाया कि हमे स्वच्छता का विषेश ध्यान रखना चाहिए।










# 22 सितंबर 2024

day 4 22 सितंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग" में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत "एनएसएस"इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता के संदर्भ में शपथ लेते हुए दृढ़ निर्णय लिया कि मनुष्य को प्रथम प्राथमिकता स्वच्छता को देनी चाहिए। यदि गांव और समाज की गली-गली स्वच्छ रहेगी तभी पूरा समाज स्वच्छ रहेगा, यदि समाज निर्मल रहेगा तभी पूरा देश स्वच्छ रहेगा, इसी उद्देश्य के साथ हमेशा अपने दृढ़ संकल्प को सामने रख कर  आगे बढ़ना चाहिए।अतः यह गतिविधि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी एवम डॉ वीरेंद्र ठाकुर जी के नेतृत्व में सफ़लतापूर्वक संपन्न हुई ।






# 23 सितंबर 2024







23 सितंबर 2024 को  महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई के द्वारा *सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा* के माध्यम से *मेरा हिमाचल सुरक्षित हिमाचल*  अभियान के विषय में चर्चा हुई। जिसमें मुख्य प्रवक्ता मुंबई से *"कविता जी"* ब्रह्मकुमारीज संगठन के माध्यम से आए थे। इस अभियान में करसोग के पूर्व विधायक श्री मान हीरा लाल जी भी उपस्थित रहे, साथ ही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी भी रहे।सड़क सुरक्षा विषय में चर्चा के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों को रोड सुरक्षा के चिन्हों से अवगत करवाया कि किस चिह्न का क्या महत्व है। साथ में रोड सुरक्षा के नुकसान और इसके बचाव के बारे में  हमे जानकारी दी। हमें रोड सेफ्टी से अपना बचाव करना चाहिए और जितने भी नियम  प्रशासन द्वारा बनाए गए उनका पालन करना चाहिए। रोड सेफ्टी के नियमों को ध्यान में रखते हुए वाहनों को चलना चाहिए।
















# 24 September 2024

24 सितंबर 2024 को महाविद्यालय करसोग में हर वर्ष की तरह एनएसएस कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जे. एस. पटियाल रहे,इन्होंने एनएसएस यूनिट को महाविद्यालय के विकास के लिए एक अभिन्न अंग बताया और सभी स्वयंसेवियो को बधाई दी । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्रध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती बंदना से की गई। तत्पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के संदर्भ में जानकारी दी, इसके साथ साथ स्वागत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अध्यक्ष खिताब ठाकुर ने 2023-24 में की गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।जिसमें हिमाचल दर्शन, स्किट, सोलो डांस, डीउ डांस और अंतिम प्रस्तुति हिमाचली नाटी। सांस्कृतिक कार्यक्रमो में हिमाचल प्रदेश के हर जिले की संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया गया ।इस कार्यक्रम में एनएसएस के पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कुलभूषण शर्मा ने अपने सभी स्वयंसेवियो को बधाई दी एवं लगातार बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र ठाकुर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत रूप से समापन किया गया।













# 26 सितंबर 2024

#day 5 26 सितंबर 2024"राजकीय महाविद्यालय करसोग" में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत "एनएसएस"इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता के संदर्भ में सानना गांव में गए और लोगों को इस अभियान से अवगत करवाया।यदि गांव और समाज की गली-गली स्वच्छ रहेगी तभी पूरा समाज स्वच्छ रहेगा, यदि समाज निर्मल रहेगा तभी पूरा देश स्वच्छ रहेगा, इसी उद्देश्य के साथ हमेशा अपने दृढ़ संकल्प को सामने रख कर  आगे बढ़ना चाहिए।
















# 28 सितंबर 2024

Day 6 28 सितंबर 2024 को "राजकीय महाविद्यालय करसोग" में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत "एनएसएस" इकाई के स्वयंसेवियों ने पेंटिग के माध्यम से समाज में संदेश भेजा कि हमे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस अभियान की थीम है "स्वाभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता।" इस पेंटिग कार्य में इकाई के 15 स्वयंसेवियों ने अपनी भागीदारी निभाई।अतः यह गतिविधि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी एवम डॉ वीरेंद्र ठाकुर जी के नेतृत्व में सफ़लतापूर्वक संपन्न हुई ।








# 30 September 2024









#day 7 30 सितंबर 2024 राजकीय महाविद्यालय करसोग व राजकीय उत्कृष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग के स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी का आयोजन प्रातः 6:00 बजे पाठशाला मैदान से बस अड्डा करसोग तक किया गया (3K.M.)। पाठशाला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चलते इस प्रभात फेरी का कार्यक्रम रखा गया। इस प्रभात फेरी में पाठशाला के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरक्षा जी व कांता जी ने स्वयंसेवकों का प्रोत्साहन बढ़ाने में अपना योगदान दिया। बस अड्डे तक भजन का गान करते हुऐ गए। स्वच्छता अभियान 2024 के तहत बस अड्डे से पाठशाला तक सड़क एवम नालियों के आस पास सफाई की। और स्थानीय लोगों को संदेश दिया कि हमे स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए बीमारियों को कम किया जा सकता है।




30 सितंबर 2024

30 सितंबर 2024 को महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से स्वंयसेवक गौतम, स्वयंसेवक महेश और स्वंयसेवी प्रेरणा का चयन state level selection camp के लिए हुआ। इनका चयन जिला स्तरीय चयन शिविर से किया गया जो की बीते दिन MLSM COLLEGE SUNDERNAGAR मे आयोजित किया गया था।




1 अक्टूबर 2024

Day 8 1 अक्टूबर  2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग" में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत "एनएसएस" इकाई की स्वयंसेवी पायल ने विडियो के माध्यम से समाज में संदेश भेजा कि हमे स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस अभियान की थीम है "स्वाभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता।" अत: आज की यह गतिविधि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी एवम डॉ वीरेंद्र ठाकुर जी के नेतृत्व में सफ़लतापूर्वक संपन्न हुई ।









1 अक्टूबर 2024







#Day 9 1 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग" में "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के तहत "एनएसएस" इकाई ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के तहत महाविद्यालय के समीप भैली बावड़ी से कजौनी तक सफाई करते हुए गए। कजौनी मंदिर के चारों तरफ़ सफाई की। तत्पश्चात कजौनी से महाविद्यालय तक सफ़ाई की।  इस एक दिवसीय शिविर से लोगों को जागरूक किया।इस अभियान की थीम है "स्वाभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता।"










2 october 2024






2 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत 9 दिनों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की ।#day 1__ स्वच्छता के संदर्भ में स्वयंसेवी ज्योति वर्मा द्वारा वीडियो के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया।#Day 2__स्वच्छता के संदर्भ में स्वयंसेवी पूजा द्वारा वीडियो द्वारा एवम अन्य स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के परिसर में सफ़ाई की।#Day 3__स्वच्छता के संदर्भ में स्वयंसेवी सोनिया ने लोगों को वीडियो के माध्यम से जागरूक होने का संदेश भेजो।#Day 4__अध्यक्ष के साथ सभी स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में स्वच्छता के संदर्भ में शपथ ली।#Day 5__स्वच्छता के संदर्भ में महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने सानना गांव में लोगों के घर-घर में जाकर लोगों को सवच्छता से अवगत करवाया।#Day 6__महाविद्यालय में स्वयंसेवियों ने पेंटिंग के माध्यम से समाज में स्वच्छता का संदेश भेजा।#Day 7__राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला करसोग के स्वयंसेवियों तथा महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी के साथ महाविद्यालय से बस अड्डा करसोग तक सफाई की।#Day 8__स्वयंसेवी पायल ने वीडियो के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन में भेजा।#Day 9__महाविद्यालय के एनएसएस इकाई ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया इस शिविर के तहत महाविद्यालय के समीप भैली बावड़ी से एक कजौनी मंदिर तक सफाई करते हुए गए, तत्पश्चात मंदिर के चारों तरफ सफाई की ।




# 3 अक्टूबर 2024

3 अक्टूबर 2024 को हर वर्ष की तरह इस बार भी महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का नाम।महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से स्वयंसेवी प्रेरणा का चयन PRE-RD CAMP के लिए हुआ ।। इस गर्वमय चयन के लिए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी और डॉ. वीरेंद्र ठाकुर जी ने स्वयंसेवी प्रेरणा को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।इस चयन पर पूरे महाविद्यालय और महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिए गर्व की बात है।स्वयंसेवी प्रेरणा मूलतः करसोग के माहूँनाग सपनोट के स्थाई निवासी है। पिता का नाम प्रेम कुमार व माता का नाम रीना देवी।महाविद्यालय करसोग और पूरी NSS इकाई की तरफ से स्वयंसेवी प्रेरणा के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाइयां।।












**17 अक्टूबर 2024**



17/अक्टूबर/2024 को महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई द्वारा एकदिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य स्थान रिवालसर झील, नैना देवी मंदिर और बौद्ध मठ की गुफाएं और उनके द्वारा स्थापित किए गए स्थानों में गए।रिवालसर मंडी क़स्बे से 24 किलोमीटर दूर सड़क मार्ग से जुड़ा एक प्राचीन तीर्थ है जहाँ एक बड़ा सरोवर और सरोवर के निकट ही गुरु पद्मसम्भव द्वारा स्थापित 'मानी-पानी' नामक बौद्ध मठ और एक गुरुद्वारा भी स्थित है | इसे महर्षि लोमश की तपोभूमि माना जाता है। बौद्ध मठ की गुफाएं में स्वयंसेवियों ने बौद्ध धर्म के भिक्षुक से यहां स्थापित बौद्ध मठ के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह स्थान हिंदू, बौद्ध एवं सिख धर्म के अनुयायियों के लिए श्रद्धा का केंद्र है।यहाँ शंकर, लक्ष्मीनारायण और महर्षि लोमश के तीन मंदिर प्रसिद्ध हैं। रिवालसर सरोवर में सात उभरे हुए भूभाग हैं, उन पर उगे वृक्षों पर देव-मूर्तियाँ हैं। इस यात्रा में 40 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।अतः आज की यह गतिविधि कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी जी के सहयोग से सम्पन्न हुआ।







# 18 अक्टूबर 2024







18/अक्टूबर /2024 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई के द्वारा एक दिवसीय शिविर का अयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय के परिसर में सफाई की गई। हमारे महाविद्यालय में द्वितीय यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत यह विशेष शिविर रखा गया था। इस कार्य की महाविद्यालय के प्रधानाचार्य व प्राचार्यवर्ग ने सराहना की। इस शिविर में 63 स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अतः आज की यह विशेष गतिविधि कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सोनिया चौधरी व डॉ.वीरेंद्र ठाकुर जी के सहयोग से संपन्न हुई।













# 19 अक्टूबर 2024

19/ अक्टूबर/2024 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई के द्वारा एक दिवसीय शिविर का अयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय के परिसर में सफाई के साथ साथ एक सुन्दर वाटिका का निर्माण किया गया। हमारे महाविद्यालय में द्वितीय यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत यह विशेष शिविर रखा गया था। इस कार्य की महाविद्यालय के प्रधानाचार्य व प्राचार्यवर्ग ने सराहना की। इस शिविर में 52 स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अतः आज की यह विशेष गतिविधि कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सोनिया चौधरी व डॉ.वीरेंद्र ठाकुर जी के सहयोग से संपन्न हुई।














# 21 अक्टूबर 2024

21/ अक्टूबर /2024 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी नेहा,शीतल, तमन्ना, दिव्याज्योति,पूजा, प्रिया ने खाली पेटियों का सही इस्तेमाल कर के कूड़ेदान का निर्माण किया गया और महाविद्यालय के प्रत्येक कक्ष के बाहर  इन कूड़ेदान को रखा गया। यह सराहनीय कार्य स्वच्छता को बढ़ावा देता हैं।









# 22 अक्टूबर 2024







22/ अक्टूबर 2024 को महाविद्यालय करसोग में द्वितीय यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ। इसके तहत महाविद्यालय की त्रिवेणी ने स्वागत गेट में रंगोली बनाई। यह यूथ फेस्टिवल 22 सितंबर से 26 सितंबर तक होगा। इस यूथ फेस्टिवल में लगभग 600 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ। सभी विद्यार्थियों का महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने स्वागत किया। तत्पश्चात रात्रि 8:00 बजे बाहर से आए सभी विद्यार्थियों ने भोजन किया। इस यूथ फेस्टिवल में महाविद्यालय करसोग की त्रिवेणी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।




# 30 अक्टूबर 2024

30 अक्टूबर 2024 स्वयंसेवी ज्योति द्वारा वीडियो के माध्यम से सभी को दिवाली की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। साथ ही हम सभी को ज्ञात करवाया की दीपावली का यह पावन त्यौहार क्यों मनाया जाता है , इसके साथ साथ बताया गया कि हमें दीपावली में कम से कम पठाखों का प्रयोग करना चाहिए।









# 31 अक्टूबर 2024

31 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई की स्वयंसेवी प्रेरणा ने 14 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर में 10 दिनों का राज्य स्तरीय चयन शिविर (PRE-RD) लगाया।इससे पहले MLSM COLLEGE SUNDERNAGAR में  जिला स्तरीय चयन शिविर हुआ था जिसमें महाविद्यालय से स्वयंसेवक गौतम, स्वयंसेवक महेश और स्वयं से भी प्रेरणा का चयन हुआ था। इस जिला स्तरीय जैन शिविर से स्वयंसेवी प्रेरणा का चयन राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिए हुआ था।




# 5 नवंबर 2024

05/नवंबर /2024 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई की स्वयंसेवी प्रेरणा ने अपने जिला स्तरीय चयन शिविर व राज्य स्तरीय चयन शिविर का अनुभव सभी स्वयंसेवियों के समक्ष साझा किया। जैसे महाविद्यालय से राज्य स्तरीय चयन शिविर तक की यात्रा बेतरीन रही। साथ ही समय सारणी के बारे में बताया। स्वयंसेवी प्रेरणा ने अपने अनुभव के साथ साथ अन्य सभी स्वयंसेवी को बताया कि एनएसएस इकाई एक ऐसा मंच है जहां व्यक्ति अपना विक्तिगत विकास करता है।







# 7 नवंबर 2024

07/ नवंबर /2024 को महाविद्यालय करसोग में CSCA 2024-25 की कार्यकारिणी बनाई गई। इस कार्यकारिणी में महाविद्यालय की इकाई एनएसएस से अध्यक्ष किताब ठाकुर, उपाध्यक्ष इशिता ठाकुर को इसका सदस्य बनाया गया। इस कार्यकारिणी प्रक्रिया में कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी जी ने भी अपनी भागीदार निभाई।

# 8 नवंबर 2024









8/ नवंबर /2024 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई द्वारा "MY भारत आउटरीच कार्यक्रम" का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो सोनिया चौधरी जी उपस्थित रहे। साथ ही उन्होंने my भारत का सामान्य परिचय करवाया, इसके साथ साथ बताता कि my भारत का एनएसएस के साथ क्या किस तरह जुड़ा हुआ है और राष्ट्र के लिए क्या कार्य करता है।












# 9 नवंबर 2024

09/ नवंबर /2024 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई द्वारा "MY भारत आउटरीच" के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से गोद लिया गया गांव सानना में स्वयंसेवियों ने My भारत के बारे में बताया जिसमें मुख्य बिंदु इसकी शुरुआत कब हुई और इसका मुख्य उद्देश्य क्या है? स्वयंसेवियों ने गांव के प्रत्येक घर में बताया कि सभी my भारत की शुरुआत 31 अक्तूबर 2023 को हुई। साथ में बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं का विकास कराना है जैसे युवाओं के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है यह पोर्टल युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपने समुदायों में लीडर और एक्टिव नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने का काम करता है, इस पोर्टल पर युवाओं को करियर काउंसलिंग, स्किल ट्रेनिंग, और रोज़गार के अवसरों की जानकारी मिलती है,









# 22 नवंबर 2024

22/नवंबर /2024 को महाविद्यालय करसोग में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के कर्मचारी आयुष राजपूत जी और दिशांत ठाकुर जी आए थे। इन्होंने RBI की महत्वपूर्ण बातों पर एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों से चर्चा की साथ ही महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने इस चर्चा में भाग लिया। कर्मचारियों ने बताया कि भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) भारत का केंद्रीय बैंक है यह वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए मौद्रिक नीति का इस्तेमाल करता है और देश की मुद्रा और ऋण प्रणालियों को नियंत्रित करता है। RBI की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी, RBI का केंद्रीय कार्यालय पहले कोलकाता में था, लेकिन 1937 में इसे मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया।












# 26 नवंबर 2024

26/नवंबर/2024 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई द्वारा संविधान दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस विशेष दिवस के मुख्य अतिथि आदरणीय श्री मान सुरेश जोकटा जी रहे। इस दिवस के उपलक्ष पर महाविद्यालय के परिसर में महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा और राजनीतिक विज्ञान के प्रो सोनिया चौधरी जी द्वारा प्रतिज्ञा ली गई।तत्पश्चात महाविद्यालय में  मनाया गया,इसमें सबसे पहले द्वीप प्रज्वलन हुआ।तत्पश्चात एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को बैज लगाकर सम्मानि जोकटा जी ने एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों तथा महाविद्यालय के अन्य सभी विद्यार्थियों को अपने अपने बहुमूल्य वचनों से सबका मार्गदर्शन किया।






# 2 दिसंबर 2024

2 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय करसोग में रेड क्रॉस डे मनाया गया। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवियों ने भाग लिया। रेड क्रॉस एक मानवतावादी संगठन है जो आपदाओं, संघर्षों, और स्वास्थ्य और सामाजिक समस्याओं से निपटने में मदद करता है।










# 8 दिसंबर 2024

08/दिसंबर/2024 को महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका प्रेरणा शर्मा के द्वारा पक्षियों के लिए दाना/पानी का प्रबंध किया गया और पक्षियों के लिए स्वयंसेविका के द्वारा पानी रखा गया,ताकि वे पानी की तलाश में इधर-उधर न भटके । स्वयंसेविका के द्वारा वीडियो के माध्यम से लोगों को भी जागरूक किया की वे पंछियों के प्रति इस तरह का कार्य कर और उन्हें हर रोज पानी/दाना अवश्य दें।







# 9/ दिसंबर 2024

9 /december /2024 को महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई की स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय के समीप राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला में जाकर गेम्स खिलाई गई तथा सभी बच्चों को गेम्स के माध्यम से शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई सभी बच्चों ने गेम्स में बढ़ चढ़कर भाग लिया वह सभी बच्चों को आनंद आया। इसके बाद सभी बच्चों ने स्वयंसेवियों का धन्यवाद किया और उन्हें फिर से आने के लिए कहा इसके पश्चात एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा सभी अध्यापकों का धन्यवाद किया










# 26 दिसंबर 2024

26/दिसंबर 2024 को स्वयंसेवी खिताब ठाकुर का चयन युवा संगम कैंप 2024 के लिए हुआ जो की Maulana Azad National Urdu University ( Haydrabad) में आयोजित किया जा रहा है। स्वयंसेवी खिताब ठाकुर को चयनित होने के लिए एन.एस.एस इकाई की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं।










# 2 जनवरी 2025

02/जनवरी /2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग की एनएसएस ईकाई के दो स्वयंसेवी रोहिनी, शीतल द्वारा महाविद्यालय के परिसर में सभी पोधों में पानी दिया गया ।

# 4 जनवरी 2025









4 january 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का स्वयंसेवी खिताब का चयन मौलाना आजाद ऊर्दू यूनिवर्सिटी तेलगाना युवा महोत्सव के लिये हुआ था ।हिमाचल प्रदेश से 52स्वयंसेवी का चयन हुआ था ।ये कैंप 30/12/2024 को शुरू हुआ था और 3/01/2025 को समाप्त हुआ । यह हम सभी के लिये हर्ष की बात है ।



# 4 जनवरी 2025

04/01/2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई की स्वयंसेवी साक्षी ठाकुर व उसके साथ अन्य गांव के बच्चों के सहयोग द्वारा रशोग गांव के नजदीक में स्थित बावड़ी को साफ किया गया इन बच्चों ने बड़ी उत्तेजना व लगन से यह कार्य किया।





# 8 जनवरी 2025

08/जनवरी/2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका कुसुम शर्मा के द्वारा अपने घर के आस-पास काम कर रहे गरीब मजदूरों को कपड़े व उनके बच्चों को खिलौने दान किए । साथ ही स्वयंसेविका ने बताया कि उसने उपयोग में न आने वाले कपड़ों का दान किया







# 9 जनवरी2025

09/जनवरी/2025 को महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना और युवा एनजीओ के सदस्य के साथ मिलकर वस्त्रम अभियान किया गया जिसमें की स्वयंसेवीयो ने वस्त्र एकत्रित किए और जरूरत मंद लोगों को वस्त्र दान किए तथा इस गतिविधि में लगभग 15 स्वयंसेवियों द्वारा भाग लिया गया। साथ में स्वयंसेवियों द्वारा उनकी समस्यायों के बारे में पूछा गया और उनकी समस्याओं को सुना और हम उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे । आशा करते हैं कि जिस तरह राष्ट्रीय सेवा योजना और युवा एनजीओ ने मिलकर जरूरत मंद लोगों की सहायता की भविष्य में भी मिलकर जरूरत मंद की सहायता करेंगे।









# 13 जनवरी 2025

12/जनवरी /2025 को महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका नितिका द्वारा हमारे हिमाचल प्रदेश की संस्कृति के बारे में बताया गया कैसे पहले लोग अपने हाथों द्वारा चीजें बनाते थे । परन्तु अब लोग दिन प्रतिदिन हमारी संस्कृति को भूल रहे हैं हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए यह हमारे पूर्वजों की देने हैं हमें इसे निरंतर आगे ले जाना चाहिए निकिता द्वारा आज की गतिविधि में यही संदेश दिया गया की हमें अपनी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए




# 14 जनवरी 2025

14/जनवरी 2025 को महाविद्यालय करसोग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका कुसुम और मुस्कान द्वारा सिविल अस्पताल करसोग में जाकर मरीजों से बात चित की तथा उनसे उनकी समस्याएं पूछी साथी में उन्हें खाने के लिए कुछ फल दिए । अस्पताल में लोगों ने स्वयंसेवकों के इस प्रकार निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हुए देखकर लोगों ने स्वयंसेवकों की सराहना की








# 17 जनवरी 2025

17 जनवरी/2025 को स्वयंसेविका तान्या के द्वारा प्लास्टिक बैग का प्रयोग कम करने के उद्देश्य से दुकानों में जाकर अखबार से बनाए गए बैग दिए गए।साथ में ही प्लास्टिक का पर्यावरण पर ओर मनुष्य जीवन पर कितना बुरा प्रभाव पड़ता हैं इसके बारे में बताया गया ।सस्वच्छता के प्रति स्वयंसेवी  तान्या द्वारा एक अच्छा कदम बढ़ाया गया।



# 25 जनवरी 2025







"*राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने शपथ ली****** आज 25 जनवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय करसोग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग के खेल मैदान में एक विशेष शपत की गई जिसमे की नव मतदाताओं ने निष्पक्षता के साथ मतदान करने की कसम खाई व अपने आसपास के लोगों को भी मतदान की प्रति जागरूक करने का प्रण लिया। मतदाता दिवस के इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 29 स्वयंसेवियों ने इस विशेष कार्यक्रम में भाग लिया।






# 26 जनवरी 2025



26 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई करसोग के 16 स्वयंसेवियों ने खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी की अगुवाई में भाग लिया । जिसकी तैयारी बीते 13 दिनों से इकाई अध्यक्ष खिताब ठाकुर व prade commander पल्लवी के द्वारा करवाए गए।आज की इस परेड के मुख्याथिति स्थानीय SDM जी थे जिन्होंने आज की इस परेड का निरीक्षण किया।

# 28 january 2025

28/जनवरी/2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग के स्वयंसेवियों द्वारा नागरिक चिकित्सालय करसोग में सेवाएं दी गई ।यह गतिविधि 6 दिन (27-01-2025 से 01-02-2025) तक चल रही है। जिसमें आज दूसरे दिन 9 स्वयंसेवियों शीतल, अंकिता, सीमा, मोहित, चिरंजी लाल, ग्रेजू, शीतल, महक और रोहित ने भाग लिया












# 5 फरवरी 2025

5 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई की एक स्वयंसेविका इशिता ठाकुर का चयन NIC (National Integration Camp) के लिए हुआ है। राजकीय महाविद्यालय करसोग की यह स्वयंसेविका (Chandigarh University ) में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। यह शिविर 05/11/2025 से 11/11/2025तक होगा।यह एनएसएस इकाई करसोग के लिए गर्व की बात है और इसके माध्यम से अन्य स्वयंसेवियों का मनोबल भी बढ़ा है।




# 12 फरवरी 2025

12 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई की एक स्वयंसेविका इशिता ठाकुर का चयन NIC (National Integration Camp) के लिए हुआ था। राजकीय महाविद्यालय करसोग की यह स्वयंसेविका (Chandigarh University ) में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।यह(NSS)इकाई करसोग के लिए गर्व की बात है और इसके माध्यम से अन्य स्वयंसेवियों का मनोबल भी बढ़ा है।






# 14 फरवरी 2025





14 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग में HEALTH AND STRESS MANAGEMENT ) के बारे में जानकारी दी। आज ( HEALTH AND STRESS MANAGEMENT ) के बारे में जानकारी देने के लिए महाविद्यालय मे डॉक्टर आए थे। उन्होंने छात्राओं को शारीरिक गतिविधि, योग-मेडिटेशन, और स्वस्थ जीवनशैली के बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी।






# 14 फरवरी 2025

14 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग की एक स्वयंसेविका शीतल ठाकुर द्वारा (14 फरबरी 2019) यानि (BLACK DAY) पर एक छोटी सी वीडियो के माध्यम से बताया गया। जैसा कि आप सभी जानते है (14 फरवरी 2019) का वो दिन जब पूरे देश की आंखों में आंसू थे और यह भारत के लिए काला दिवस साबित हुआ। इस दिन जम्मू-कश्मीर के जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर अवंतीपोरा के पास गोरीपोरा में सीआरपीएफ के काफिले पर आंतकियों ने हमला किया था और इस हमले में सीआरपीएफ के 44 जवान शहीद हो गए थे। और इस हमले को पुलवामा अटैक (Pulwama Terror Attack) के नाम से भी जाना जाता है। आज के दिन हम सबको मिलकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है और अपने शहीदों को नमन करना चाहिए.

# 4 मार्च 2025:सात दिवसीय शिविर का आयोजन

महाविद्यालय करसोग में आज से सत्र 2024- 25 के सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ आज दिनांक 04 मार्च 2025 को राजकीय महाविद्यालय करसोग में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर के शुभारम्भ के दिन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जगजीत सिंह पटियाल जी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । आज पहले दिन सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वजारोहण माननीय मुख्यअतिथि जी द्वारा किया गया । मंच संचालन स्वयंसेवी विक्की चौहान,चेतन और स्वयंसेवी शीतल, निशा के द्वारा संभाला गया । मुख्यातिथि महोदय द्वारा सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा स्वयंसेविकाओं ने दीप वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ वीरेंद्र ठाकुर और सोनिया चौधरी ने मुख्यातिथि को बुके देकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महोदय से कार्यक्रम की शुरुआत करने की अनुमति मिलने के बाद सबसे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी द्वारा स्वागत प्रस्ताव पेश किया गया। अध्यक्ष खिताब ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सत्र 2024-25 की सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया स्वामसेवियो के द्वारा भारत दर्शन पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। इसके बाद डॉ जे एस पटियाल माननीय मुख्यतिथि ने अपने वक्तव्य से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया । और डॉ कुलभूषण शर्मा जो भूतपूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रहे है उन्होंने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया । कार्यक्रम के अंत में हिमाचली नाटी की प्रस्तुति स्वयंसेवियों द्वारा दी गई । कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ वीरेंद्र ठाकुर द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया और इसके बाद स्वयंसेवियों को ग्रुप में बांट लिया । इसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने लंच किया । ड्रिल की गई और रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगारंग प्रस्तुतियां स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत की गई। और सभी को रात का भोजन करवाया गया और इस तरफ सात दिवसीय शिविर के पहले दिन का समापन हुआ।












# 5 मार्च 2025




आज दिनांक 05 मार्च 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन का समापन भी विधिवत रूप में हुआ । दिन की शुरुआत सुबह पांच बजे से हुई जब सभी स्वयंसेवी प्रभातफेरी के लिए गए। प्रभात फेरी से वापिस आने के बाद योग सत्र का आयोजन किया गया । योग सत्र के बाद विचार सत्र और तत्पश्चात अल्पाहार का आयोजन किया गया । फिर ठीक नौ बजे ड्रिल हुई ड्रिल के बाद सभी समूहों को गोद लिए गांव सानना  को फील्ड वर्क के लिए भेजा गया । सानना गांव में सभी स्वयंसेवियों ने सफाई की गांव से कूड़ा एकत्र किया और उन गांव के लोगो को गंदगी न फैलने और आसपास के इलाकों में सफाई रखने का आव्हान किया । गांव से वापिस आने के बाद सभी स्वयंसेवीयों को दोपहर का भोजन कराया गया तत्पश्चात रिसोर्स पर्सन के कार्यक्रम में प्रो.रुचि नारंग जी ने शिरकत की ओर अपने वक्तव्य को स्वयंसेवियों के समक्ष रखा । इनके वक्तव्य से सभी स्वयंसेवी काफी प्रभावित हुए। इसके बाद ठीक चार बजे शाम के सत्र में ड्रिल हुई ड्रिल के बाद सभी स्वयंसेवियों ने चाय का आनंद लिया । फिर पैनल डिस्कशन और स्वयंसेवियों से गेम्स खिलाई गई । ठीक सात बजे रात्रि भोज कराया गया। रात आठ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ जिसमे की ग्रुप ममलेश्वर महादेव जी के स्वयंसेवियों ने रंगारंग प्रस्तुति पेश की । मंच संचालन  स्वयंसेवी रितेश मेहता ने संभाला और सभी स्वयंसेवियों के पूरे सहयोग से आज दूसरे दिन का समापन भी विधिवत रूप से हुआ














# 6 मार्च 2025

आज दिनांक 6 मार्च 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन का समापन भी विदित रूप से हुआ दिन की शुरुआत सुबह 5:00 बजे से हुई जब सभी स्वयंसेवी प्रभात फेरी के लिए गए  प्रभात फेरी से वापस आने के बाद योग सत्र का आयोजन किया गया योग सत्र के बाद विचार सत्र और तत्पश्चात अल्पाहार का आयोजन किया गया फिर ठीक 9:00 बजे ड्रिल हुई ड्रिल के बाद कुछ समूहो को गोद लिए गए गांव सानना को भेजा गया जहां पर स्वयंसेवियों ने अपना श्रमदान देकर लोगों की मदद की साथ ही में कुछ स्वयंसेवियों ने सड़क सुरक्षा की रैली में भी बढ़ चढ़कर भाग लिया तत्पश्चात स्वयंसेवियों को दोपहर का भोजन कराया गया दोपहर का भोजन करने के बाद हमारा बौद्धिक सत्र था जिसमें एएसआई राजेंद्र कुमार और सिटी पवन कुमार ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया और उनके साथ अपने अमूल्य विचारों को साझा किया ठीक 4:00 शाम के सत्र में ड्रिल हुई ड्रिल के बाद सभी स्वयंसेवियों ने चाय का भी आनंद लिया फिर स्वयंसेवियों को कुछ समय दिया गया ताकि वे रात्रि की सांस्कृतिक संध्या के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर सकें ठीक 7:00 बजे रात्रि भोज कराया गया रात 8:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ जिसमें कि ग्रुप कामाख्या ने बेहतरीन प्रस्तुतियां पेश की मंच संचालन किया स्वयंसेवी राजेंद्र शर्मा ने और फिर स्वयंसेवियों ने  पूरे सहयोग के साथ दूसरे दिन का समापन भी विधिवत रूप से हुआ।















# 7 मार्च2025

सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत सुबह 5 बजे से हुई। जिसमे सभी स्वयंसेवी सबसे पहले प्रभातफेरी के लिए गए। जो की कॉलेज परिसर से ममलेश्वर महादेव जी के मंदिर तक हुई। प्रभातफेरी के पश्चात योग सत्र का आयोजन किया गया। योग सत्र समापन होने के पश्चात  स्वयंसेवियों को अल्पाहार करवाया गया। अल्पाहार होने के पश्चात सभी स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई। इसके बाद 9:00 बजे सभी स्वयंसेवियों की ड्रिल करवाई गई। तत्पश्चात कुछ स्वयंसेवियो  को  गोद लिए गए गांव सानना  के लिए भेजा गया । जहां पर स्वयंसेवियो ने अपना श्रमदान देकर लोगों की सहायता की। आज महाविद्यालय में रक्तदान का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत से स्वयंसेवियो ने भाग लिया। उसके पश्चात दोपहर का भोजन करवाया गया। सभी स्वयंसेवी को भोजन करवाने के पश्चात  बौद्धिक सत्र  का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में पैनल चर्चा  का आयोजन किया गया। इस पैनल चर्चा में तीन विषय पर चर्चा की गई। बौद्धिक सत्र समाप्त होने के पश्चात सभी स्वयंसेवियों को ठीक 4:00 बजे  ड्रिल करवाई गई। उसके बाद सभी स्वयंसेवियों को चाय पिलाई गई। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवियों को रात्रि की सांस्कृतिक संध्या की तैयारी के लिए समय दिया गया। सभी स्वयंसेवियों को ठीक 7:00 बजे रात्रि का भोजन करवाया गया। उसके बाद ठीक 8:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कि ग्रुप खुडीजल ने बेहतरीन प्रस्तुतियां पेश की और जिसमें मंच संचालन स्वयंसेवी साक्षी  तथा स्वयंसेवी कुसुम द्वारा किया

# 8 मार्च 2025




दिनांक 08 मार्च 2025 शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय महाविद्यालय करसोग इकाई का पांचवा दिन रहा। इस दिन की शुरुआत प्रातः 5: 00 बजे प्रभात फैरी से हुई। प्रातः 6:00 बजे पतंजलि योगपीठ की ओर से आए योग शिक्षक राजेश के द्वारा सभी स्वयं सेवियों को योगाभ्यास एवं व्यायाम करवाया गया। योगाभ्यास के पश्चात प्रातः 7:00 बजे प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया उसके पश्चात आज के दिन का सुविचार बोला गया। तत्पश्चात सुबह के नाश्ते का आयोजन किया गया। भोजन करने के पश्चात 9 से 10 बजे तक ड्रिल सत्र का आयोजन किया गया। ड्रिल के पश्चात फ़ील्ड वर्क का आयोजन किया गया। जिसमें की कुछ स्वयंसेवी सनाना श्रम दान सेवा देने गया तथा कुछ स्वयंसेवी civil hospital Karsog में सेवाएं देने गए। आज की इस विशेष गतिविध सम्पन्न हो जाने के पश्चात दोपहर 1:00 से 2:00 बजे तक मध्यान भोजन का आयोजन किया गया। मध्यान भोजन के पश्चात् आज का विशेष दिन महिला दिवस हमारे महाविद्यालय में मनाया गया। जिसमें की बतौर मुख्यातिथि हमारे महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ जे. एस. पटियाला जी थे तथा इस सत्र मे बहुत से स्वयंसेवियों एवं अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। अतः यह सत्र विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। उसके पश्चात् 4 से 5 बजे तक ड्रिल की गई। उसके पश्चात् 7 से 8 रात्रि भोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्यातिथि हमारे महाविद्यालय की सभी महिला अध्यापिकाएं थी। आज के सांस्कृतिक संध्या की टीम महिला सशक्ति थी। जिसमे की सभी समूह के स्वयंसेवियों ने भाग लिया। जिसमे की सभी महिला अध्यापिकाओं से मॉडलिंग की तथा साथ ही हमारी दो स्वयंसेविकाओं का जन्मदिन धूम धाम से बनाया गया। तथा हमारी रात्रि संस्कृतिक कार्यक्रम 10:00 बजे सम्पन्न हुआ।















# 9 मार्च 2025

दिनांक 09/03/2025को राष्ट्रीय सेवा योजना के छटा दिन का समापन विधिवत रूप से हुआ । दिन की शुरुआत प्रातः 5:00बजे से हुई । उसके बाद प्रभात फेरी ममलेश्वर महादेव मंदिर तक हुई। प्रातः 6:00बजे पतंजलि योगपीठ की ओर से आए योग शिक्षक राजेश के द्वारा सभी स्वयंसेवियों को योगाभ्यास के बाद प्रातः 7:00बजे प्रार्थना सभा का सुविचार बोला गया। तत्पश्चात सुबह के नाश्ते का आयोजन किया गया। भोजन करने के पश्चात 9 से 10 बजे तक ड्रिल सत्र का आयोजन किया गया । ड्रिल के पश्चात फ़ील्ड वर्क का आयोजन किया गया । जिसमे कॉलेज के कैंपस की सफाई की गई । उस विशेष गतिविधि का संपन्न हो जाने के पश्चात दोपहर 1:00 से 2:00 बीजे तक भोजन का आयोजन किया गया । भोजन के पश्चात आज का विशेष दिन स्पोर्ट्स एक्टिविटीज की गई ।जिसमे बैडमिंटन , इत्यादि गेम्स खेली गई । इस गतिविधियों में बहुत से स्वयंसेवियों ने भाग लिया । अतः यह गतिविधियां बहुत ही अच्छी रही । उसके पश्चात् 7:00 से 8:00 रात्रि को भोजन किया गया । उसके पश्चात् रात्रि ठीक 8:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसमे हमारे विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर पंकज गुप्ता , डॉ प्रेम प्रकाश थे । हमारी रात्रि संस्कृतिक कार्यक्रम 10:00 बजे सम्पन्न हुआ। अतः राष्ट्रिय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के छठा दिन का समापन हुआ ।














# 10 मार्च 2025

राजकीय महाविद्यालय करसोग की ओर से आयोजित हो रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जगजीत सिंह पटियाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ महाविद्यालय के सहायक आचार्य व आचार्या, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी व वरिष्ठ स्वयंसेवी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह पडियार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम एनएसएस के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे-उठे के साथ प्रारंभ हुआ।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ सोनिया चौधरी ने मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत प्रस्ताव पेश किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी इशिता व मिताली ने युगल नृत्य, 10 स्वयंसेवियों ने हिमाचली नाटी पेश की। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह पटियाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इसके द्वारा छात्र-छात्राओं का चौमुखी विकास होता है। खिताव ठाकुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की 7 दिनों की रिपोर्ट छात्र-छात्राओं एवं मुख्य अतिथि के साथ साझा किए। सात दिवसीय विशेष शिविर के विभिन्न दिनों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किए ।अंत मे , कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सोनिया चौधरी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश करके आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ।

# एक दिवसीय शिविर 15 मार्च 2025




आज दिनांक 15/03/2025 को महाविद्यालय करसोग में एनएसएस इकाई के द्वारा एक दिवसीय शिविर का अयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय के परिसर में सफाई की गई। इस शिविर में 25 स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अतः आज की यह विशेष गतिविधि कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सोनिया चौधरी व डॉ.वीरेंद्र ठाकुर जी के सहयोग से संपन्न हुई।












T……….H……A……N…..K……U

N………..S………….S